प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)

**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**18.45 शनिवार** **दिनांक 15.08.2026**

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

**मुख्य समाचारः—**

1—देश आज अस्सीवां स्वाधीनता दिवस मना रहा है—प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज ऐतिहासिक लाल किले की प्राचीर से राष्ट्रीय ध्वज फहराया।

2—प्रधानमंत्री ने कहा कि अगले एक वर्ष में एक करोड़ युवाओं को एआई कौशल में किया जाएगा प्रशिक्षित—मध्यम वर्ग परिवारों के बच्चों के लिए होगी फ्री ऑनलाइन कोचिंग।

3—स्वतंत्रता दिवस पर राजधानी रायपुर में आयोजित मुख्य समारोह में मुख्यमंत्री ने ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली।

4—बस्तर संभाग के सैकड़ों गांवों में दशकों बाद भयमुक्त वातावरण में उत्साह के साथ किया गया ध्वजारोहण।

**<u>स्वतंत्रता दिवस—प्रधानमंत्री—01</u>**

देष आज अस्सीवां स्वाधीनता दिवस मना रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज ऐतिहासिक लाल किले की प्राचीर से राष्ट्रीय ध्वज फहराया। राष्ट्र को स्वीधनता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि कोई भी राष्ट्र तब महान बनता है, जब वह अपने सपनों, अपने संकल्पों और सामर्थ्य के दम पर आगे बढ़ता है। देष अब छोटे सपनों से नहीं बल्कि बड़े सपनों से चलेगा।

प्रधानमंत्री ने कहा कि जब दो हजार सैंतालीस में स्वतंत्रता के सौ साल पूरे होंगे, हम विकसित भारत बना कर रहेंगे। श्री मोदी ने कहा कि दो हजार सैंतालीस के विकसित भारत का लक्ष्य हासिल करने के लिए हमें अपनी कार्य संस्कृति, सोच और काम की गति को बदलना होगा। उन्होंने कहा कि भारत का सामर्थ्य 'सप्त सिंधु' से ही संभव होगा। उन्होंने देशवासियों से सप्तधारा की शक्ति के उपयोग का आह्वान किया।

प्रधानमंत्री ने घोषणा की कि अगले एक वर्ष में एक करोड़ युवाओं को एआई कौशल में प्रशिक्षित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह पहल भारत के युवाओं को एआई की दुनिया में नेतृत्व करने की क्षमता प्रदान करने में सहायक होगी।

**<u>स्वतंत्रता दिवस—प्रधानमंत्री—02</u>**

प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार मध्यम वर्ग के परिवारों के बच्चों के लिए फ्री ऑनलाइन कोचिंग की व्यवस्था कर रही है। उन्होंने कहा कि डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना, उपलब्ध प्रतिभा और शिक्षकों को एक साथ लाकर देश के युवाओं को निःशुल्क कोचिंग प्रदान करने के लिए एक संपूर्ण नेटवर्क तैयार किया जाएगा।

प्रधानमंत्री ने कहा कि नक्सलवाद ने चार दशक तक भारत की आबादी को दबोच कर रखा था। नक्सलवाद से निपटने में साढ़े तीन हजार से ज्यादा जवानों को अपने प्राणों की आहूति देनी पड़ी। श्री मोदी ने देश को नक्सलवाद मुक्त बनाने का आह्वान किया।

**यह दिमागी नक्सल मौके की तलाश में हैं। हिंसा अराजकता के वो रास्ते खोज रहे हैं। समाज को गलत राह पर घसीटने के लिए भांती–भांती के दांव कर रहे हैं। इन दिमागी नक्सलियों को पहचानना होगा। इन दिमागी नक्सलियों को आइसोलेट करना होगा और राष्ट्र को विकसित राष्ट्र बनाने की मुख्यधारा की ओर देश की युवा पीढ़ी को जोड़ना होगा।**

**स्वतंत्रता दिवस**

---

इससे पहले, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर कल राष्ट्र को संबोधित किया। राष्ट्रपति ने कहा कि विष्व के अनेक क्षेत्रों मे युद्ध और अस्थिरता का प्रभाव सभी देषों पर पड़ रहा है। ऐसी परिस्थिति में भी भारत की अर्थव्यवस्था तेज गति से आगे बढ़ रही है। दषकों तक गंभीर चुनौती बने रहे नक्सलवाद का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि भारत को नक्सल मुक्त बनाना एक बड़ी उपलब्धि है। अब नक्सल ग्रस्त क्षेत्रों में विकास की धारा बह रही है। बस्तर ओलिंपिक्स में खिलाड़ियों की, बस्तर पंडुम में कलाकारों की और इन आयोजनों में दर्षकों की भारी संख्या में भागीदारी नक्सल मुक्त क्षेत्र का प्रमाण है।

**स्वतंत्रता दिवस–छत्तीसगढ़–01**

---

छत्तीसगढ़ में भी स्वतंत्रता दिवस पूरे उत्साह, उल्लास और देषभक्ति की भावना से ओतप्रोत होकर मनाया जा रहा है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर राजधानी रायपुर के पुलिस परेड ग्राउंड में आयोजित मुख्य समारोह में ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली। समारोह में सत्रह प्लाटूनों ने मार्चपास्ट किया। इस बार बिहार पुलिस की टुकड़ी भी परेड में शामिल हुई।

समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साहसिक नेतृत्व और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के दृढ़ संकल्प से नक्सलवाद के विरुद्ध ऐतिहासिक सफलता मिली है। माओवाद से मुक्त बस्तर में आज तिरंगा यात्राओं के माध्यम से स्वतंत्रता का उत्सव मनाया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने पांच सौ करोड़ रुपए के 'छत्तीसगढ़ राज्य एआई मिषन' को मंजूरी दी है।

**स्वतंत्रता दिवस–छत्तीसगढ़–02**

---

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर राज्यपाल रमेन डेका ने आज लोकभवन में राष्ट्रीय ध्वज फहराकर परेड की सलामी ली। बिलासपुर में केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू, दुर्ग में उपमुख्यमंत्री अरुण साव और बस्तर में उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने ध्वजारोहण किया। वहीं, विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर रमन सिंह ने राजनांदगांव में ध्वजारोहण किया।

प्रदेश के अन्य जिला मुख्यालयों में मंत्रियों, सांसदों और विधायकों ने स्वतंत्रता दिवस समारोह में ध्वजारोहण किया और परेड की सलामी ली।

## पुलिस/नगर सेना–सम्मानित

---

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर रायपुर में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने छत्तीसगढ़ पुलिस और नगर सेना के अधिकारियों तथा जवानों को उनकी कर्तव्यनिष्ठा, असाधारण कार्यकुशलता और विशिष्ट सेवाओं के लिए प्रतिष्ठित पदकों तथा राज्य स्तरीय पुरस्कारों से अलंकृत किया।

समारोह में रक्षित केन्द्र धमतरी के सहायक उप निरीक्षक रामावतार सिंह राजपूत को 'राष्ट्रपति के विशिष्ट सेवा पदक' से सम्मानित किया गया। इसके साथ ही सराहनीय सेवाओं, अपराध नियंत्रण, कानून–व्यवस्था और आधुनिक नवाचारों के लिए भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारियों सहित दस पुलिसकर्मियों को 'भारतीय पुलिस पदक' प्रदान किया गया। वहीं, आपदा प्रबंधन, राहत कार्यों और जनसेवा में अद्वितीय भूमिका निभाने के लिए नगर सेना राजनांदगांव के उत्तम कुमार साहू और रायपुर के लांस नायक जोगेश्वर कुमार धीवर को 'गृह रक्षक तथा नागरिक सुरक्षा सराहनीय सेवा पदक' प्रदान किया गया।

## स्वतंत्रता दिवस–स्कूली विद्यार्थी प्रस्तुति

---

रायपुर में आयोजित राज्य स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह में लगभग साढ़े आठ सौ स्कूली विद्यार्थियों ने छत्तीसगढ़ की लोककला और संस्कृति पर आधारित प्रस्तुतियां दी। इसमें सरगुजा संभाग के स्कूली विद्यार्थियों को पहला, दुर्ग संभाग के विद्यार्थियों को दूसरा और रायपुर संभाग को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने शील्ड–मेडल देकर सभी विजेताओं को सम्मानित किया।

## बस्तर–ध्वजारोहण

आज स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर बस्तर संभाग के सैकड़ों गांवों में दशकों बाद भयमुक्त वातावरण में उत्साह के साथ राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराया गया। इनमें दंतेवाड़ा, सुकमा और बीजापुर जिले के कई गांव शामिल हैं। इन गांवों में आज तिरंगे का फहराना बस्तर क्षेत्र में एक नये युग की शुरूआत का प्रतीक माना जा रहा है। और अधिक जानकारी दे रहे हैं, दंतेवाड़ा से हमारे सवांदवादा नरेश मिश्रा –

## मुख्यमंत्री–छायाचित्र प्रदर्शनी

---

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज रायपुर के टाउन हॉल में जनसंपर्क विभाग द्वारा आयोजित सात दिवसीय छायाचित्र प्रदर्शनी का शुभारंभ किया। इस प्रदर्शनी में स्वतंत्रता संग्राम में छत्तीसगढ़ के योगदान, अमर सेनानियों के शौर्य और बलिदान, 'वंदे मातरम' की एक सौ पचास वर्षों की गौरवशाली यात्रा और राज्य में सुशासन तथा विकास की उपलब्धियों को प्रदर्शित किया गया है। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने शहर के ऐतिहासिक धरोहरों – टाउन हॉल और शहीद स्मारक भवन के संरक्षण, साज–सज्जा और नवीनीकरण के लिए पचास–पचास लाख रुपये प्रदान करने की घोषणा की।

यह प्रदर्शनी इक्कीस अगस्त तक प्रतिदिन सुबह साढ़े दस बजे से रात आठ बजे तक आम नागरिकों के लिए खुली रहेगी।

## चित्र प्रदर्शनी

---

भारत सरकार के केंद्रीय संचार ब्यूरो द्वारा सरगुजा जिले के करजी गांव में 'नशामुक्त युवा फॉर विकसित भारत संकल्प अभियान' पर केंद्रित दो दिवसीय चित्र प्रदर्शनी और जन–जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 'हर घर तिरंगा' अभियान को नशामुक्ति के संदेश से जोड़ते हुए विद्यार्थियों और ग्रामीणों ने रैली निकालकर देशभक्ति और सामाजिक जागरूकता का संदेश दिया।

## जिले की चिट्ठी

प्रादेशिक समाचार एकांश, आकाशवाणी रायपुर द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रम "जिले की चिट्ठी" का प्रसारण कल शाम छह बजकर पांच मिनट से छह बजकर दस मिनट तक किया जाएगा। इस कार्यक्रम को छत्तीसगढ़ स्थित आकाशवाणी के सभी केन्द्र रिले करेंगे। इस बार के अंक में **''सुकमा''** जिले की गतिविधियों के बारे में जानकारी दी जाएगी।

## वैचारिक संगोष्ठी

स्वर्गीय देवी प्रसाद चौबे की पचासवीं पुण्य स्मृति में आज भिलाई में वैचारिक संगोष्ठी आयोजित की गई। संगोष्ठी का शुभारंभ विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर रमन सिंह ने किया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक विरासत को पहचान दिलाने में योगदान देने वाले राजेश गनोदवाले को छब्बीसवें वसुंधरा सम्मान से सम्मानित किया गया।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>